हिंदी कार्यशाला का आयोजन – रिपोर्ट

राजभाषा विभाग द्वारा 11 मार्च, 2026 को निगम मुख्यालय के विभिन्न विभागों में कार्यरत कार्मिकों के लिए एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया।

महाप्रबंधक (जनसंपर्क) – राजभाषा श्री संजीव कुमार ने कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन) श्री नवीन कुमार जैन तथा अतिथि वक्ता श्री शमशेर सिंह, उप निदेशक (राजभाषा), विद्युत मंत्रालय का स्वागत किया। उन्होंने अपने स्वागत संबोधन में कहा कि एनएचपीसी में हिंदी केवल एक भाषा नहीं, बल्कि हमारी कार्य-संस्कृति का हिस्सा है। राजभाषा विभाग हिन्दी के प्रचार-प्रसार हेतु सदा प्रयासरत रहता है। निगम मुख्यालय में नियमित रूप से हिंदी कार्यशालाएं आयोजित करने के साथ ही हमारी परियोजनाओं और क्षेत्रीय कार्यालयों के कार्मिकों के लिए भी ऑनलाइन माध्यम से हिंदी कार्यशालाएं आयोजित की जाती हैं। इसके अतिरिक्त, राजभाषा कार्यान्वयन को बढ़ावा देने के लिए विभागीय कार्यशालाएं भी आयोजित की जा रही हैं। आज की यह तिमाही कार्यशाला इसी कड़ी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने प्रतिभागियों से कार्यशाला में दी जाने वाली जानकारी का भरपूर लाभ उठाने का आग्रह किया।

कार्यशाला में श्री शमशेर सिंह, उप निदेशक (राजभाषा), विद्युत मंत्रालय ने "राजभाषा नीति एवं संवैधानिक प्रावधानों तथा उसका कार्यान्वयन के साथ-साथ वार्षिक कार्यक्रम की अपेक्षाएं व उनका अनुपालन" विषय पर अपने विचार रखे। उन्होंने कार्यालयीन कार्यों में हिंदी के प्रयोग में आने वाली समस्याओं के संबंध में प्रतिभागियों से चर्चा की एवं उनकी समस्याओं का समाधान किया।

प्रतिभागियों ने रुचिपूर्ण एवं ज्ञानवर्धक व्याख्यानों की सराहना की तथा बताया कि हिंदी कार्यशाला में दी गई जानकारी से उन्हें अपने आधिकारिक कार्यों को सुगमता पूर्वक हिंदी में करने में सहायता मिलेगी। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ।

लिमिटेड
Great Place To Work.
Certified
2026

एनएचपीसी लिमिटेड
(भारत सरकार का एक नवरत्न उद्यम)
Great Place To Work.
Certified
2026

एन एच पी सी लिमिटेड
हिंदी कार्यशाला
दिनांक : 11 मार्च, 2026
सरल है, सुबोध है, सुंदर अभिव्यक्ति है। हिंदी ही सभ्यता है, हिंदी ही संस्कृति है।
शमशेर सिंह
संजीव कुमार

एन एच पी सी लिमिटेड
हिंदी कार्यशाला
दिनांक : 11 मार्च, 2026

एनएचपीसी लिमिटेड
हिंदी कार्यशाला
दिनांक : 11 मार्च, 2026

एनएचपीसी लिमिटेड
हिंदी कार्यशाला
दिनांक : 11 मार्च, 2026

एन एच पी सी लिमिटेड